## न्यूज ब्रीफ

### चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाया हुनर



**पीलीभीत, अमृत विचार :** समाधान विकास समिति की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें सक्षम, अंजली व संजना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया| सतीश सिंह गंगवार सेवादार प्रधानाचार्य जहानाबाद इंटर कॉलेज जहानाबाद, तिलकराम रविंद्र कुमार ने मार्गदर्शन करते हुए स्वच्छता को स्वास्थ्य से जोड़ा और बताया कि स्वच्छता स्वास्थ्य की पहली कुंजी है। नियमित व्यायाम अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। लक्ष्मीकांत शर्मा ने भी विचार रखे।

### आज आयोजित होगा विशेष कार्यक्रम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जीआई टैग प्राप्त पीलीभीत की प्रसिद्ध बांसुरी के प्रोत्साहन और उसके अधिकृत उपयोकर्ताओं के पंजीकरण के लिए आठ अप्रैल को सुबह 11 बजे विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में आयोजन होगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के द्वारा उद्योग केंद्र से समन्वय से कराया जाएगा।

### हमला कर युवक को पीटा, एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम भोपतपुर की रहने वाली रेखा देवी पत्नी स्वर्गीय रामलखन गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 अप्रैल की सुबह छह बजे वह दुकान के सामने झाड़ू लगा रही थी। तभसी उसके गांव वीरपाल गंगवार आकर गाली गलौजक रने लगा। उसकी पुत्री माया देवी और पुत्री प्रियांशी भी आ गए। तभी आरोपियों ने डंडे से पिटाई की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### ग्रामीण पर हमला करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बर्रामऊ निवासी महताब गंगवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई अखिलेश कुमार खेत पर काम कर रहे थे। तभी गांव के सूरजपाल ने उसके भाई से गाली गलौज की। लाठी से वार करके घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# बेघर नहीं होंगे 150 से अधिक परिवार, आवंटित किए जाएंगे पट्टे

## भरा पचपेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में दशकों से रह रहे ग्रामीणों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



भरा पचपेड़ा में विकसित हो रहा औद्योगिक क्षेत्र। ● अमृत विचार

> भरा पचपेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रह रहे परिवारों ने आवासीय सुविधा उवपलब्ध कराने का आग्रह किया था। इसको देखते हुए उनको पट्टा आवंटित कराने की कार्यवाही करने के लिए डीएम को पत्र लिखा गया है, ताकि कोई भी परिवार वेघर न हो सकें और उनकी आवासीय समस्या का स्थायी समाधान हो सके। – **संजय सिंह गंगवार**, राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

**अमृत विचार :** भरा पचपेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में दशकों से गुजर बसर कर रहे दर्जनों परिवारों को राहत मिलती दिखाई दे रही है। कई दिनों से उनको छत छिनने का डर सता रहा था और अधिकारियों के दफ्तरों में गुहार लगाने के लिए पहुंच रहे थे। इन परिवारों को पट्टे आवंटित किए जाएंगे, ताकि वह दूसरी जगह अपनी गृहस्थी बसा सकें। राज्यमंत्री ने पीड़ा का संज्ञान लेते हुए डीएम पत्र लिखा है। इसमें आवंटित की प्रक्रिया को जल्द शुरू कराने के लिए कहा गया है। फिलहासल इस निर्णय के बाद संबंधित परिवारों को काफी राहत मिली है।

बता दें कि अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम भरा पचपेड़ा में औद्योगिक हब विकसित किया जा रहा है। कई औद्योगिक इकाईयां यहां विकसित की जा चुकी है। इसके अलावा सड़क से लेकर बिजली की समस्या को लेकर भी भारी भरकम बजट खर्च कर कार्य हो चुका है। औद्योगिक क्षेत्र में पिछले कई साला से से 150 से अधिक परिवार बसे हुए हैं। हालांकि ये परिवार अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे हैं, जबकि अधौगिक क्षेत्र केवल उद्योगों की स्थापना के लिए सुरक्षित किया गया है। ये जगह यूपीसीडा को दी चुकी है। अब यहां पर स्थापित उद्योगों की शुरुआत कराने की तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन भी संभावित है। अभी कुछ दिन पहले ही यूपीसीडा के तमाम अधिकारियों ने पहुंचकर जायजा लिया था तो इसे मुख्यमंत्री के संभावित दौरे से जोड़कर ही देखा जा रहा था। इसी बीच बीते दिनों संबंधित क्षेत्र में यूपीसीडा की ओर से ई-रिक्शा से अनाउंसमेंट कराया गया था। इसमें वहां पर बसे परिवारों का सप्ताह भर के भीतर जगह खाली करने के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि पांच मकानों को तोड़ भी दिया था। अनाउंसमेंट के दौरान प्रशासनिक स्तर से कार्रवाई बताई जाती रही थी। ग्रामीणों के विरोध पर एसडीएम ने टीम भेजकर अनाउंसमेंट बंद करवा दिया था। इसके बाद लगातार संबंधित परिवार छत बचाने के लिए कभी अधिकारियों तो कभी जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे थे। राज्यमंत्री से भी गुहार लगाई गई थी। फिलहाल इसका संज्ञान लेते हुए अब राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने डीएम को पत्र लिखा है। भरा पचपेड़ा क्षेत्र के उक्त परिवारों की सुविधा के लिए राज्यमंत्री ने उनको पट्टा आवंटित कराये जाने की कार्यवाही करने के लिए डीएम को कहा है।

- गन्ना राज्यमंत्री ने डीएम को लिखा पत्र, बोले- प्रक्रिया शुरू कराएं

### बीते साल कुछ परिवार पहुंच गए थे हाईकोर्ट

बताते हैं कि पिछले साल भी यूपीसीडा की ओर से संबंधित जगह पर बसे लोगों को हटाने के लिए प्रयास किए थे। उस वक्त भी मामला तूल पकड़ा रहा था। फिर कुछ परिवारों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी और वहां से स्टे लेकर आ गए थे। बीते साल लोगों को दिए गए नोटिस के आधार पर स्टे लाने की बात कही गई थी। इस बार एनाउंसमेंट कराया गया लेकिन नोटिस नहीं दिए गए। इसके पीछे ग्रामीणों का यही मानना था कि कोई कोर्ट न चला जाए इसलिए नोटिस नहीं दिए गए।

# बच्चों को हाथ धोने और ब्रश करने के तरीके बताए

**पीलीभीत, अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा ग्राम खाग स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

महाविद्यालय के 2024 बैच के 30 छात्र-छात्राओं ने बच्चों को हाथ धोने, दांतों की सही तरीके से सफाई की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान स्वच्छता के महत्व, संक्रमण से बचाव एवं दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाने पर विशेष बल दिया गया।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हुमा खान, डॉ. वर्तिका अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में 2024 बैच के मेडिकल छात्र फजायल, अर्जुन एवं अंशिका का विशेष योगदान रहा। डॉ. अरुण सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ताकि लोग जागरूक हो सके।

# भाकियू ने गेहूं खरीद की समस्याओं को उठाया



जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को डीएम से मुलाकात कर गेहूं खरीद की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान भाकियू नेताओं ने सरकारी केंद्रों पर बारदाने की कमी और डस्टर मशीन के संचालन में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। इस दौरान डीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया। डीएम ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा की अगुवाई में बुधवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से मिला। वार्ता के दौरान भाकियू नेताओं ने अवगत कराया कि जनपद के कई गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने की पर्याप्त उपलब्ध नहीं है। इससे गेहूं खरीद प्रभावित हो सकती है। साथ ही डस्टर मशीन के प्रयोग और समय से भुगतान को लेकर भी किसानों में चिंता है। किसानों ने मांग की कि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए और बिचौलियों के बजाय वास्तविक किसानों को प्राथमिकता दी जाए। प्रतिनिधिमंडल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीएम तत्काल व्यवस्था सुधार का आश्वासन दिया है। भाकियू नेताओं ने बताया कि डीएम ने किसानों से गेहूं खरीद प्राथमिकता के आधार पर कराने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से भाकियू के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह, युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह, घुम्मन सिंह, बंटी ठाकुर, विनय ठाकुर समेत अन्य मौजूद रहे।

# श्रीराम सीता विवाह का प्रसंग सुनाया

**बिलसंडा, अमृत विचार:** देवीस्थान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में मंगलवार को कथाव्यास ने श्रीराम सीता विवाह का रोचक प्रसंग सुनाया गया। जिसे सुनकर भक्त मंत्र मुग्ध हुए।



श्रीराम कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

फर्रुखाबाद से आए कथाव्यास प्रेममूर्ति पंकज मिश्रा ने कहा कि राम लक्ष्मण ऋषि विश्वामित्र के आश्रम में उनके यज्ञ को पूरा कराने के लिए राक्षसों का संहार करते हैं। उधर जनकपुरी में राजा जनक अपनी पुत्री सीता के स्वंयवर का आयोजन करते हैं। जिसका निमंत्रण ऋषि विश्वामित्र के पास आता है। ऋषि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर अयोध्या की ओर चल देते हैं। रास्ते में ऋषि गौतम के आश्रम में पहुंचते हैं, जहां पत्थर बनी अहिल्या का उद्धार करते हैं। ऋषि विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण स्वयंवर में पहुंचते हैं। राजाजनक ने शर्त रखी कि जो भी योद्धा शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, उसके साथ सीता का स्वयंवर होगा। कई देशों से आए राजा और महान योद्धा अपने बल का प्रयोग कर शिव धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं, लेकिन वह धनुष को तनिक भी हिला नहीं पाते हैं। ऋषि विश्वामित्र के कहने पर राम स्वयंवर में प्रतिभाग करते हैं।जैसे ही वह धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते हैं, धनुष टूट जाता है। सीता प्रभु राम को वरमाला पहनाती हैं। चारों और खुशियां छा जाती हैं। देवगण पुष्पवर्षा करते हैं। नगरवासी मंगल गीत गाते हैं। इस मौके पर केके मिश्रा, रामेंद्र गोस्वामी, रामलखन शुक्ला, अनुपम दीक्षित, सचिन गुप्ता, मनोज त्रिवेदी, महेश चंद्र पांडेय, धीरज शर्मा, कमलकांत मिश्रा, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 13 पेस्टीसाइड प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने की कार्रवाई, 31 मार्च तक पोर्टल पर कराना था पंजीकरण

> शासन और उच्चाधिकारियों के निर्देशों के बाद 13 कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा लापरवाही बरती गई और आदेशों की अवहेलना की गई। इस कारण इन सभी पेस्टीसाइड प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। यदि तीन दिन में पंजीकरण नहीं हुआ, तो लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। – **नरेंद्र पाल**, जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**अमृत विचार :** शासन के निर्देशों की अनदेखी करना कीटनाशक विक्रेताओं को भारी पड़ गया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 पेस्टीसाइड प्रतिष्ठानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। इन कीटनाशक विक्रेताओं ने बार-बार चेतावनी के बावजूद आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण न कराने का दोषी पाया गया है। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से कीटनाशक व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा सभी कीटनाशक विक्रेताओं के लिए इंटीग्रेटेड पेस्टिसाइड मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। इसको लेकर पंजीकरण की समय सीमा 31 मार्च निर्धारित की गई थी। इस संबंध में उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार निर्देश जारी किए गए। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भी संबंधित पेस्टीसाइड विक्रेताओं को कई बार सूचित किया गया। मगर, जनपद के 13 प्रतिष्ठानों ने आदेशों को ठेंगे पर रखते हुए पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं की।

इधर जिला कृषि रक्षा अधिकारी नरेंद्र पाल ने पंजीकरण न कराने वाले 13 पेस्टीसाइड प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए। इसमें शर्मा खाद भंडार पूरनपुर, बाजना पेस्टीसाइड मथना जप्ती, फरहा खाद भंडार शेरपुर, चिश्ती खाद भंडार कल्यानपुर पूरनपुर, विकास खाद भंडार शिवनगर, मां गायत्री एग्रो ट्रेडर्स महादिया, किसान कृषि रक्षा केंद्र बेनीपुर, शाहगढ़ सहकारी गन्ना समिति शाहगढ़, रितेश खाद भंडार रुपपुर कमालू, शंखधार कृषि सेवा केंद्र रड़ैता, श्रीराम ट्रेडर्स बरखेड़ा, गुप्ता खाद भंडार गजरौला एवं शर्मा खाद भंडार मंडी पीलीभीत के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि यह सभी प्रतिष्ठान तत्काल प्रभाव से कीटनाशक रसायनों का भंडारण और बिक्री बंद कर दें। यदि निलंबन अवधि के दौरान कोई भी प्रतिष्ठान पर रसायनों का व्यापार करते पाया गया तो उसके विरुद्ध कीटनाशक अधिनियम 1968 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने इन संचालकों को पंजीकरण कराने के लिए तीन दिन की मोहलत दी है। यदि इन प्रतिष्ठानों के संचालकों ने निर्धारित समयावधि के अंदर पंजीकरण नहीं कराया तो लाइलेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# ठेका चौकी मार्ग का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग योजना के अंतर्गत वार्ड नंबर 21 में कराए गए सीसी मार्ग व नाला निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर सड़क का उद्‌घाटन किया। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

बता दें कि ये निर्माण कार्य यशवन्तरी देवी मार्ग से लेकर रामलढ़ैते दीक्षित के आवास, एलआईयू ऑफिस से ठेका चौकी होते हुए मुनेंद्र दिवाकर के मकान तक कराया गया है। लंबे समय से यह मार्ग जर्जर था।



फीता काटकर सड़क का लोकार्पण करतीं चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

- चेयरमैन, अफसर एवं अन्य संभ्रांत नागरिक रहे मौजूद

इससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सड़क पर जलभराव और गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित रहता था।

बता दें कि इसी मार्ग पर यातायात कार्यालय, ठेका चौकी, खफिया विभाग कार्यालय व महिला थाना भी है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है।

नाला निर्माण होने से जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

इस मौके पर सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह, विपिन गंगवार, विकास बाबू, राशिद हुसैन, इकबाल हजरत, अनस अंसारी, सुनीता सिंह, पंकज तिवारी, अरुण उपाध्याय, रोहित रॉय, सुमित ठाकुर, अंशु राजपूत आदि मौजूद रहे।

# 16 महिलाओं व सात बच्चों की हुई जांच



**पीलीभीत, अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 49वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल द्वारा संदीक्षा सदस्यों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करने व स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा बाजपाई ने 16 महिलाओं का मेडिकल चेकअप किया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार ने सात बच्चों की जासंच की। इस मौके पर उपकमांडेंट डॉ. हर्षित मोहन ने रोगों से बचाव को लेकर सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया।

# फार्मर रजिस्ट्री न कराने वालों की बढ़ेंगी मुसीबतें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 15 मई से नहीं मिलेगी खाद, 30 अप्रैल तक फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अब अनिवार्य हो गई है। इधर अब एक नया फरमान जारी किया गया है। जिसके मुताबिक यदि 30 अप्रैल तक जो किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराते हैं, उन्हें 15 मई के बाद खाद नहीं दी जाएगी। फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से फार्मर रजिस्ट्री को लेकर खासी सख्ती बरती जा रही है। कृषि एवं राजस्व कर्मियों को रोजाना लक्ष्य देकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई जा रही है।

शासन द्वारा एग्रीस्टैक योजना के तहत जनपद में फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत किसानों की सभी जमीनों के रिकॉर्ड को आधार से लिंक किया जा रहा है। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री अभियान शुरू हुए साल भर से अधिक का समय बीत चुका है, मगर अभी तक जनपद भर में 3,14,397 किसानों के सापेक्ष मंगलवार तक महज 2,37, 211 किसानों ने ही अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई है। अभी भी जनपद में 77186 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। बीते दिनों शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री को लेकर समीक्षा की गई थी। शासन स्तर से समीक्षा के दौरान जनपद में जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद अब जिला प्रशासन ने भी इस पर सख्ती करना शुरू कर दिया गया है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कृषि विभाग समेत अन्य अफसरों को शत प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद कृषि और राजस्व कर्मियों की ओर से अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने का कार्य तेजी से शुरू किया गया है। शासन की ओर से प्रतिदिन फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने का लक्ष्य दिया जा रहा है। इधर अब फार्मर रजिस्ट्री की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है।

### जिले में 77 हजार से अधिक किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार नहीं कराई

जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य लगातार चल रहा है। उप कृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने बताया कि अभी तक जनपद में 77 हजार से अधिक किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार नहीं कराई है। जो किसान 30 अप्रैल तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराएंगें, ऐसे किसानों को 15 मई से यूरिया, जिंक, डीएपी, एनपीके समेत अन्यउर्वरक नहीं दिए जाएंगें। उन्होंने किसानों से अपील की कि समय रहते फार्मर रजिस्ट्री करा लें। अंतिम समय में भीड़ बढ़ने से पंजीकरण में परेशानी हो सकती है। समय पर रजिस्ट्री कराने से सम्मान निधि के साथ-साथ उर्वरक, फसल बीमा, बीज अनुदान और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ भी बिना किसी रोक के मिलती रहेगी।

**समस्या** 2019 में मिला था नगर पंचायत का दर्जा, वर्तमान में कूड़े के लगे ढेर, सड़कें भी बदहाल, लोगों का निकलना भी दुश्वार

# नौगवां पकड़िया : नगर पंचायत बनने के बाद भी अव्यवस्था का ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



नौगवां पकड़िया में खाली प्लाट में जमा गदंगी व चोक पड़े नाले। ● अमृत विचार



काशीराम कॉलोनी ईदगाह में खाली जगह पर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद नौगवां पकड़िया में विकास की नई तस्वीर उभरने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा कई साल बाद भी नहीं हो सका है। हकीकत इसके उलट है। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, जर्जर और उखड़ी सड़कें व बदहाल नाले-नालियां व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। नालियों में जमा गंदगी से उठती दुर्गंध ने वातावरण को दूषित कर रखा है, वहीं मच्छरों का प्रकोप लोगों की परेशानी को और बढ़ा रहा है। यह हाल तब है जब इन दिनों संचारी अभियान चल रहा है। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। नगर पंचायत बनने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव स्थानीय लोगों में नाराजगी पैदा कर रहा है, जो साफ तौर पर जिम्मेदारों की लापरवाही को उजागर करता है।

शहर से सटी नौगवां पकड़िया में कुल 15 वार्ड हैं। जिसमें करीब 40 हजार से अधिक आबादी जीवन यापन कर रही है। वर्ष 2019 में नौगवां पकड़िया को नगर पंचायत का दर्जा मिला था। जिसके बाद नगर निकाय चुनाव के तहत जनता ने इस बार पहला चेयरमैन भाजपा प्रत्याशी संदीप कौर को चुना। नगर पंचायत दफ्तर बनने के साथ ही अफसर कर्मचारियों की तैनाती करते हुए कामकाज को भी रफ्तार देने की तैयारी की गई। नौगवांवासियों को सुविधा देने के लिए पंचायत की ओर से सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए 40 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की तैनाती है, ताकि गली नालियां साफ रह सकें। मगर कर्मचारी तैनात होने के बाद भी नौगवां पकड़िया में सफाई व्यवस्था ठप सी है। जबकि वर्ष 2022-23 से नौगवां पकड़िया में हाई रिस्क श्रेणी में रहा है। उस दौरान यहां डेंगू और मलेरिया से करीब 100 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। मगर इसके बाद भी अभी हालत सुधारे नहीं है। कहने को विकास कार्यों का दावा किया जा रहा है, लेकिन गली नुक्कड़ों पर गदंगी के ढेर और नाले नालियां चोक पड़े हुए हैं। खाली प्लाटों में गदंगी का अंबार है। मगर जिम्मेदार कागजों में सफाई दिखा रहे हैं। संचारी रोग अभियान के बीच भी नौगवां पकड़िया क्षेत्र के में स्कूल वाली सड़क स्कूल के सामने नाला बंद पड़ा हुआ है। साथ ही इसके अलावा आगे अधूरे नाला निर्माण की वजह से वहां भी पानी चोक है। जिस वजह से गंदगी और जगह-जगह पानी का जमाव हो रखा। इतना ही नहीं खाली प्लाट कूड़े से पटे पड़े हैं। सफाई का आलम यह है कि इस्लामनगर से लेकर नौगवां पकड़िया परिषदीय विद्यालय, शारदा कॉलोनी समेत विभिन्न स्थानों पर गंदगी के ढेर हैं। कई जगह सड़कों पर जलभराव है। संक्रामक बीमारियों के बीच नगरवासी दुर्गंध से परेशान हैं।

- नाले-नालियो में जमा गंदगी से उठती दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप

> संचारी रोग अभियान के तहत साफ सफाई कराई जा रही है। फॉगिंग भी कराई जा रही है। अगर फॉगिंग को लेकर समस्या है तो वह कार्यालय में संपर्क कर सकते है। रोस्टर के हिसाब से कार्य कराया जा रहा है। अगर कमी है तो उसे दूर कराया जाएगा। पंचायत जनहित में ही कार्य कर रही है।
> – **हरिपाल गंगवार**, ईओ नगर पंचायत नौगवां पकड़िया

### मच्छरों की भिनभिनाहट बनी परेशानी

साफ सफाई के अलावा नौगवां पकड़िया में फॉगिंग के नाम पर भी खानापूर्ति की जा रही है। नौगवां पकड़िया के अधिकांश क्षेत्रों में फॉगिंग नहीं हो रही है। यहां सिर्फ प्रभावशाली क्षेत्रों में फॉगिंग कराई जा रही है। जबकि फॉगिंग के नाम पर बजट को हर बार संचारी में ठिकाने लगाया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार फॉगिंग न होने से मच्छर परेशान कर रहे हैं। गदंगी से उठने वाली दुर्गेध फिर रात को मच्छरों की भिनभिनाहट लोगों को घरों में चैन से सोने तक नहीं दे रही हैं।

# गाड़ी हड़पने का आरोप, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के वसुंधरा कॉलोनी निवासी जगदीश चंद ने तहरीर देकर बताया कि उसके पुत्र नवल की मौत 29 सितंबर 2024 को हो चुकी है। उसके पुत्र के पास एक चार पहिया वाहन था। उसको पता चला कि उसके पुत्र की मौत से दो दिन पहले उसने अपनी गाड़ी किसी व्यक्ति को दे दी थी। उस गाड़ी के बारे में उसने काफी जानकारी की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# 20 दिन पूर्व हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एकता नगर कॉलोनी निवासी मंजू सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 मार्च को सुबह 11 बजे वह अपने ड्राइवर रजत गुप्ता निवासी मोहल्ला कुंवरगढ़ के साथ स्कूटी से जा रही थी। उसका ड्राइवर रजत गुप्ता उसको छोड़कर घर आ गया और घर का ताला खोलकर घर के अंदर गया। आरोपी ने चोरी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## शहर में आज

- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे।
- जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में बांसुरी प्रोत्साहन शिविर सुबह 11 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।

# जिला अधिकारी को पूरनपुर मंडी आने पर मारपीट की धमकी, किसान नेता गिरफ्तार

## कॉल कर आरोपी ने खुद को बताया किसान संगठन का प्रदेश सचिव, की अपशब्दों की बौछार

कार्यालय संवददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डीएम के नंबर पर कॉल कर खुद को एक किसान संगठन का प्रदेश सचिव बताते हुए अपशब्दों की बौछार की गई। पीए के कॉल रिसीव करते ही कथित किसान नेता ने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए पूरनपुर मंडी पहुंचने पर डीएम से मारपीट करने तक की धमकी दे डाली। इसका ऑडियो वायरल होने के बाद खलबली मच गई। पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया। पूरनपुर कोतवाली में डीएम के आशुलिपिक की ओर से मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना 6 अप्रैल की बताई जा रही है। बताते हैं कि डीएम ज्ञानेंद्र सिंह गांधी सभागार में एक बैठक कर रहे थे। इस दौरान उनके नंबर पर एक व्यक्ति ने कॉल की। जब आशुलिपिक नरेश वर्मा ने कॉल रिसीव कर डीएम के बैठक में होने और बाद में बात कराने की बात कही तो कॉल करने वाला भड़क गया। वह खुद को अन्नदाता किसान यूनियन का प्रदेश सचिव बलजिंदर सिंह बता रहा था। उसने आशुलिपिक से कॉल पर ही अपशब्दों का इस्तेमाल शुरू कर दिया। आशु लिपिक से बात करते हुए डीएम के पूरनपुर पहुंचने पर मारपीट करने की धमकी दे डाली। इससे जुड़ा ऑडियो सोशल मीडिया पर दूसरे दिन मंगलवार को तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद खलबली मच गई। पुलिस प्रशासन ने भी संज्ञान लिया और गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की गई। आशुलिपिक नरेश वर्मा की ओर से पूरनपुर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ऑडियो वायरल


बलजिंदर सिंह।

- आशुलिपिक की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

### पूरनपुर मंडी पहुंचे जिलाधिकारी-एसपी, गेहूं क्रय केंद्रों पर परखी व्यवस्थाएं



मंगलवार दोपहर बाद डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव पूरनपुर मंडी समिति पहुंचे और गेहूं क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में स्थापित क्रय केन्द्रों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। केन्द्र प्रभारियों और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। गेहूं की तौल की जानकारी प्राप्त की गई। गेहूं खरीद को दैनिक लक्ष्य के अनुरूप करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। क्रय केन्द्रों पर वारदाना, कांटा बांट, नमी मापक यंत्र आदि के बारे में केन्द्र प्रभारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि गेहूं खरीद के उपरान्त उनका पूर्ण दायित्व है कि गेहूं का भण्डारण कराना सुनिश्चित करें। खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रतिदिन मानक के अनुरूप गेहूं की खरीददारी सुनिश्चित की जाए और किसानों का भुगतान उनके खाते में सीधे भेजा जाये। उन्होंने केन्द्रों पर किसानों को बैठने सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

> आशुलिपिक की तहरीर पर पूरनपुर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई कराई जा रही है। – सुकीर्ति माधव, एसपी

### डीएम से हुई बातचीत का भी एक ऑडियो वायरल

सोशल मीडिया पर आरोपी बलजिंदर सिंह के द्वारा धमकी भरे लहजे में की गई बातचीत से जुड़े ऑडियो के साथ ही एक अन्य ऑडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें आशु लिपिक नरेश वर्मा संबंधित व्यक्ति से डीएम की बात कराते हैं। इस पर दोनों के बीच बातचीत भी होती है। इस पर बलजिदंर सिंह ये कहता है कि 1 अप्रैल से गेहूं लेकर करीब 20-25 किसान पूरनपुर मंडी में है। मगर उनकी तौल नहीं कराई जा सकी है। बारदाना न होने का बहाना बनाकर टालमटोल की जा रही है। बारिश की संभावना के बीच तिरपाल की व्यवस्था न कराने पर भी सवाल उठाए गए। इसके बाद डीएम किसी अधिकारी को भेजकर इसे गंभीरता से दिखवाने का आश्वासन देते हैं। मगर उसके बाद भी ये आरोप लगाना शुरू करदिया जाता है कि पुराने स्टॉक को शामिल कराया जाएगा। डीएम अंत तक आश्वस्त करते हैं।

### पूरनपुर के मुझाकलां गांव का है आरोपी बलजिंदर सिंह

डीएम के सीयूजी नंबर पर कॉल करके धमकाने वाला बलजिंदर सिंह पुत्र चंचल सिंह पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुझाकलां का रहने वाला है। पुलिस की जांच में ये भी सामने आया है कि कॉल कर अभद्रता करने के बाद उसने ही ऑडियो वायरल किया था। बीएनएस की धारा 352, 351(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समिति गठित


कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रामलुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय में करियर एवं कौशल विकास समिति का गठन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें विभिन्न रोजगारपरक अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा।

गठित समिति में महिला सदस्यों की बहुलता सुनिश्चित की गई, ताकि छात्राओं को प्रभावी एवं सहज मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। समिति के माध्यम से छात्राओं को करियर काउंसलिंग, कौशल विकास प्रशिक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।छात्राओं को डिजिटल दुनिया में दक्ष बनाने के उद्देश्य से एआई सर्टिफिकेट कोर्स के लिए पंजीकरण कराया गया, जिससे वे आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। प्राचार्य डॉ. सचिन गिहार ने कहा कि छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस प्रकार की पहल आवश्यक है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरखा ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### शिक्षा का महत्व और कॉलेज की खूबी बताई

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मंगलवार को कस्बे में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज में मिल रही सुविधाओं से संबंधित पत्रक भी वितरित किए। रैली विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। प्रधानाचार्या एकता गुप्ता, शिक्षिका सौभाग्य प्रदा,उषा किरन, आदित्य प्रकाश तिवारी,प्रतका पाठक,उषा रानी,लवी,चंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पदोन्नति पर वर्दी पर लगाए स्टार



**बीसलपुर, अमृत विचार :** सीओ कार्यालय में कार्यरत हेड कांस्टेबल का प्रमोशन दरोगा पद पर होने पर वर्दी पर स्टार लगाए गए। सीओ विधि भूषण मौर्य ने पेशकार प्रताप सिंह की वर्दीपर स्टार लगाकर बधाई दी। इस दौरान दरोगा रमेश चंद शर्मा, अतुल चौधरी , हेड कांस्टेबल आजम अली, राजेंद्र सिंह, महिला आरक्षी रेशमा, रुचि आदि मौजूद रहे। एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई।

### तमंचा दिखाकर नकदी और मोबाइल लूटा एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सबलपुर खास के निवासी अमित वर्मा पुत्र रामदास ने बताया कि वह पूरनपुर में रहते हैं। सोमवार को वह ट्रैक्टर ट्रॉली से गेहूं लेकर पूरनपुर स्थित मकान पर आए थे। रात करीब साढ़े आठ बजे जब ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर गांव जा रहे थे। तभी भायपुर रोड पर दो बाइकों पर सवार चार लोगों ने रोका और तमंचा दिखाकर धमकाया। आरोप है कि जेब में रखे दस हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया। वपुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को पकड़ा

**अमरिया , अमृत विचार :** एक सूचना पर दबिश देकर पुलिस ने चोरी की बाइक और चाकू के साथ युवक को धर दबोचा। ग्राम धुंधरी में एक भट्टे के पास से आरोपी ग्राम कैंचूटांडा निवासी रंजीत की गिरफ्तारी की गईञ। दरोगा राजेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से चोरी की बाइक और चाकू बरामद हुआ है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### युवती और किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री को पांच अप्रैल को शाहजहांपुर जिले के बंडा कस्बा निवासी राहुल बहला फुसलाकर ले गया है। इसके अलावा थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव के निवासी ग्रामीण ने भी थाना जहानाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा गया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को गांव का अर्जुन छह अप्रैल को दोपहर दो बजे बहलाफुसला कर ले गया है। उसकी पुत्री घर से डेढ़ लाख रुपये और सोने चांदी के जेवर भी अपने साथ ले गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज की है।

# बीसलपुर क्षेत्र में हुए हादसे, दो की मौत, तीन घायल

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** बीसलपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है।


सीएचसी पहुंचकर जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसिया खानपुर निवासी अब्दुल सलीम मंगलवार को पुत्री जिया खालिदा के साथ बाइक से बीसलपुर खरीदारी करने आए थे। उनकी पुत्री की 15 अप्रैल को मंगनी होनी है। खरीदारी करके बाइक से गांव वापस जा रहे थे। ग्राम अमृता खास के आगे पेट्रोल पंप के सामने पहुंचते ही दूसरी बाइक पर सवार ग्राम रायपुर निवासी अभिषेक कश्यप, अर्जुन कुमार से टक्कर हो गई। हादसे में रायपुर गांव निवासी 18 वर्षीय अभिषेक पुत्र महेश कश्यप की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में सीएचसी भिजवाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक के परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा।

उधर, गांव मीरपुर निवासी सलमा बेगम (45) पत्नी रब्बन सोमवार को पति के साथ बाइक से गई थी। दोनों बीसलपुर में शाहजहांपुर रोड पर स्थित एक ईंट-भट्टे पर मजदूरी करने जा रहे थे। गोबल मोड़ के पास पहुंचते ही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। राहगीरों की मदद से दंपति को सीएचसी भेजा और वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने सलमा बेगम की नाजुक हालत बताते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर किया, लेकिन रास्ते में सलमा ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

# रहस्यमयी पर्चे से मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- धार्मिक आदेश लिखकर दफ्तर सील करने का किया दावा
- धमकी भरे संदेश से कर्मचारी और लोग सहमे, जांच शुरू

**अमृत विचार :** कलीनगर तहसील परिसर में मंगलवार सुबह एक अजीबो-गरीब घटना ने अचानक हलचल पैदा कर दी। रोजाना की तरह जब कर्मचारी कार्यालय खोलने पहुंचे तो मुख्य गेट पर चस्पा एक पर्चे ने सबको चौंका दिया। लाल स्याही से लिखे गए इस पर्चे में तहसील कार्यालय को सील करने का दावा किया गया था, जिसे पढ़ते ही कर्मचारियों में खलबली मच गई।

पर्चे में धार्मिक आदेश बताया गया था और उसमें ऐसे शब्द लिखे गए थे, जो किसी भी आम व्यक्ति को विचलित कर सकते थे। संदेश में पृथ्वी छोड़ने जैसी बातों के साथ-साथ यह भी चेतावनी दी गई थी कि आदेश को पढ़ने वाला व्यक्ति मृत्यु को प्राप्त हो सकता है।

4 अप्रैल की तारीख के साथ लिखे गए इस पर्चे में जुर्माना, सजा और बैंक खातों जैसे शब्दों का जिक्र भी था, जिससे मामला और रहस्यमय हो गया। सुबह के समय इस तरह का संदेश सामने आने से तहसील परिसर में कुछ देर के लिए अफरातफरी और चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। कर्मचारी और आसपास मौजूद लोग इस अज्ञात हरकत को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताने लगे। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद निर्देश पर पर्चे को तुरंत हटवा दिया गया और दफ्तर का कामकाज सामान्य रूप से शुरू करा दिया गया। तहसील प्रशासन का मानना है कि यह किसी शरारती तत्व की करतूत हो सकती है, जिसने रात के समय इस पर्चे को चस्पा किया। प्रारंभिक तौर पर इसे मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति की हरकत माना जा रहा है, हालांकि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

# ग्रामीण से 23,500 रुपये की ठगी, कार्रवाई की मांग

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे के वार्ड नंबर नौ निवासी नसीर अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह किराना व्यापारी हैं। वर्ष 2023 में रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी कराई थी। जिसकी एक किस्त जमा कर दी थी।

किश्त 30 हजार रुपये की थी। बाद में इसको सुचारू रूप से नहीं चला सके। सोमवार को एक युवती की कॉल आई और उसने खुद को बीमा कंपनी से बताया। रुपये न डलने पर पॉलिसी रद्द होने की बात कही। एक नंबर दे दिया। उस पर बात की गई तो बताया कि कुछ रकम या एक किस्त किश्त डालकर खाता क्लोज हो जाएगा। मूलधन और ब्याज मिलाकर 83 हजार रुपये बनता है। वह आपके खाते में अगले दिन आ जाएगा। इस पर 23500 रुपये बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बताए गए खाता नंबर व आईएफएससी कोड पर जमा कर दी थी। बोला था कि आपको 15 मिनट में कंप्यूटराइज स्लिप जमा की मिल जाएगी। मगर उसके द्वारा जमा की गई धनराशि की स्लिप नहीं आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्कूली बसों के फिटनेस में आ रही दिक्कत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत सहोदय कॉम्पलैक्स के सभी सीबीएसई स्कूलों की एक बैठक हुई। इसके बाद बसों की फिटनेस से संबंधित ज्ञापन डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को सौंपा।

बेनहर पब्लिक स्कूल के प्रशासक डॉ.परविंदर सिंह सैहमी , प्रधानाचार्य लिटिल एंजिल स्कूल नवीन चन्द्र पाठक, एमडी ज्ञान इण्टरनेशनल देवेन्द्र छाबड़ा आदि ने स्कूली वाहनो की फिटनेस के लिए स्थानीय व्यवस्था बनाए करने की मांग की। कहा कि जब-जब फिटनसे के लिए वैन/बसें बरेली भेजी जाएंगी, तब-तब स्कूल की छुट्टी करनी पड़ेगी।


डीएम को ज्ञापन सौंपते स्कूल संचालक।

जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। यदि उसी दिन किसी कारण वश फिटनेस न हो सकी तो अगले दिन दोबारा भेजने पर पुनः समय, ईंधन व खर्च बढ़ेगा।वैन/बस अतिरिक्त 100 किमी चलने से पेट्रोल/डीजल की बर्बादी होगी। इसी तरह पीलीभीत की पूरनपुर तहसील से बरेली की दूरी 90 किमी है। लौटाफेरी कुल 180 किमी केवल फिटनेस के लिए खाली गाड़ी भेजना व्यवहारिक प्रतीत नहीं होता है।

कहा कि जिले की सभी स्कूलों की गाड़ियों का परमिट पीलीभीत का है। ऐसे में फिटनेस करवाने के लिए बरेली जाना होगा तो परमिट भी बनवाना पड़ेगा। इसका समाधान कराने की मांग की। डीएम ने एआरटीओ वीरेन्द्र सिंह को शीघ्र समस्या का समाधान करने के लिए निर्देशित किया है।

# ठेका चौकी के पास घर में घुसकर युवक पर हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने युवक को रास्ते में घेर लिया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। इसके बाद राहगीरों ने मामला शांत करा दिया। इसके बाद आरोपी लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस गए और हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशी टोला निवासी टोनी जोशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके मोहल्ले के हनी जोशी, उसके पिता प्रदीप जोशी और अनुराग राठौर ने तीन अप्रैल की रात आठ बजे ठेका चौकी के समीप रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। किसी तरह लोगों ने बीच बचाव करके मामला शांत कर दिया। इसके बाद आरोपी रात नौ बजे लाठी डंडा और बेल्ट लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने उसकी और उसके पुत्र की पिटाई कर दी। जिससे वह लोग घायल हो गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रतियोगिताओं में दिखाया दम, मिला सम्मान


बनाए गए कार्ड दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कलरिंग में कक्षा जेकेजी के पराग प्रथम स्थान पर रहे

**अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल बल्लभ नगर में विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मक एवं भाषा कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कला, अंग्रेजी वाचन प्रतियोगिता कराई गई।

बर्थडे कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें कलरिंग में कक्षा जेकेजी के पराग प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर स.केजी की छात्रा हदयांशी और तृतीय स्थान पर पीएनसी के अथर्व वर्मा रहे। अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता में कक्षा चार के छात्र शिवांश प्रथम, कक्षा तृतीय के छात्र अर्जित द्वितीय और कक्षा एक के अभिनव तृतीय रहे। बर्थडे कार्ड मेकिंग में कक्षा आठ की छात्रा अनन्या प्रथम रहीं। निर्देशिका चारू धवन, चेयरमैन आरके धवन ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

# जमानत पर छूटते ही आपत्तिजनक फोटो किए वायरल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जमानत पर छूटकर आने के बाद एक आरोपी ने दोबारा से युवती को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर उसके आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिए। जब उसने विरोध किया तो आरोपी धमकाने लगा। इस मामले में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना अमरिया क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का रंजीत 29 जनवरी को उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। 30 जनवरी को उसने थाना अमरिया में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोपी रंजीत एक माह तक जेल में भी रहा था। जेल से जमानत पर आते ही आरोपी ने उसकी पुत्री के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जिससे उसकी और उसकी पुत्री की छवि समाज में धूमिल हो रही है। कई बार समझाने के बाद भी आरोपी नहीं माना। एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा।

# भूसे के गोदाम में फंदे से लटका मिला किशोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव चित्तरपुर की घटना, घर से 200 मीटर दूर मिला शव

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोर की मौत हो गई। उसका शव मकान से कुछ ही दूरी पर भूसे के गोदाम में फंदे से लटका मिला। पहले अनहोनी की आशंका जताई जाती रही। हालांकि बाद में जांच की गई तो परिवार की डांट से क्षुब्ध होकर खुदकुशी करने की बात निकलकर आई। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

माधोटांडा क्षेत्र के चित्तरपुर निवासी लालाराम खेती करते हैं। उनका 16 वर्षीय पुत्र अनुराग सोमवार शाम करीब पांच बजे घर से निकला और उसके बाद काफी देर तक उसका कुछ पता नहीं चल सका। परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की तो शव मकान से कुछ ही दूरी पर भूसे के गोदाम में फंदे से लटका मिला। शव देख परिवार वालों के होश उड़ गए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। कुछ रिश्तेदारों ने अनहोनी की आशंका जताई। हालांकि पुलिस ने जब परिवार के सदस्यों से बात की तो प्रथम दृष्टया डांट से क्षुब्ध होकर खुदकुशी करने की बात सामने आई। बताते हैं कि गेहूं भरने के काम को लेकर पिता ने उसे डांट दिया था। इसी से आहत होकर खुदकुशी करने की आशंका जताई गई है। इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोर को पिता ने डांट दिया था। इसी से आहत होकर खुदकुशी की है। फिलहाल शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कराई जा रही है।

# कंबाइन की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** खेत पर गेहूं की कटाई कार्य में मजदूरी करने गए श्रमिक की कंबाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। वह कंबाइन के नजदीक चला गया था और हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। परिवार वालों ने लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।


हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

- माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम मझारा ताल्लुके महाराजपुर गांव में हुआ हादसा

माधोटांडा थाना क्षेत्र के धुरिया पलिया कॉलोनी के रहने वाले हरिचंद्र उर्फ राजू (40) पुत्र निथुराज मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। मंगलवार को ग्राम मझारा ताल्लुके महाराजपुर के रहने वाले फार्मर बलकार सिंह के खेत में गेहूं की कटाई कराई जा रही थी। इसके लिए श्रमिक भी लगाए गए थे और कंबाइन भी चल रही थी। गेहूं कटाई का काम करने के लिए हरिचंद भी गए हुए थे। बताते हैं कि काम करते वक्त अचानक हरिचंद कंबाइन के आगे आ गए और उसकी चपेट में आने से उसकी कुछ ही देर में मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद खलबली मच गई। शोर सुनकर आसपास के खेतों पर मौजूद लोग भी मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतक के परिवार वाले भी पहुंच गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। परिवार के लोगों ने कंबाइन चालक की लापरवाही से हादसा होने की बात कही। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के बारे में जानकारी जुटाई। इधर, कंबाइन स्वामी और मृतक के परिवार के बीच भी बातचीत चलती रही। श्रमिक हरिचंद मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट की स्थिति बन गई है। उसके तीन बच्चे हैं। उसकी मौत के बाद पत्नी प्रीति देवी का रोकर बुरा हाल रहा। परिवार वाले और रिश्तेदार उसे ढांढस बंधाने में जुटे रहे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मामले में किसी तरह की तहरीर नहीं दी गई है।

# अतिक्रमण से सिकुड़ीं सड़कें चिन्हित स्थान पर नहीं काम

## अखिल भारत हिंदू महासभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नाला सफाई, घाट सौंदर्यीकरण नहीं होने पर भी उठाया मुद्दा

**अमृत विचार :** शहर की सड़कों पर फैला अतिक्रमण का जाल और नागरिकों की परेशानी के बावजूद नगर पालिका और प्रशासन के स्तर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने का मुद्दा एक बार फिर अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने उठाया। पूर्व में किए गए आंदोलन के बाद चिन्हित किए स्थानों पर भी कोई काम नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए इसका समाधान कराने की मांग की गई। डीएम को ये भी अवगत कराया कि लाल रोड पर जिस स्थल को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया था, वह फिर से अतिक्रमण से घिर चुका है। इसके अलावा कई अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

बता दें कि शहर की सड़कों पर अतिक्रमण की मार हर तरफ है। इसका समाधान करने के नाम पर सिर्फ दावे किए जा सके हैं। पिछले साल इस मुद्दे को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन हुए और ज्ञापन भी दिए गए। सुनगढ़ी थाने के बाहर जाम तक लगाया गया था। इसके बाद स्थान चिन्हित किए गए लेकिन फिर पूरा मामला ही गोलमोल कर दिया गया। जिस स्थान पर पार्किंग स्थल बनाया जाना था, वहां वेडिंग जोन के बोर्ड लगा दिए गए। मगर इसके बाद उस मुहिम को भी मुकाम नहीं मिल सका। इधर, मंगलचवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण और जाम की समस्या के साथ ही पार्किंग स्थल न होने की बात रखी। बीते दिनों किए गए प्रशासनिक प्रयासों को भी बताया और वर्तमान स्थिति बयां की। इस पर डीएम ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान कराने का आश्वासन दिया। वहीं, ये भी कहा कि शहर के अधिकांश नाले अभी से ओवरफ्लो हैं। कई जगह कचरे से भरे पड़े हैं। नालों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई है। अभी न तो कोई भारी वर्षा हुई है और न ही नदियों का जलस्तर बढ़ा है, इसके बावजूद हालात इतने खराब हैं।

ऐसे में बरसात के समय स्थिति और भयावह होने की आशंका जताई गई। आरोप लगाया कि पिछले वर्ष भी नालों की सफाई में लापरवाही के कारण शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया था, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इसे जनता की समस्याओं के प्रति उदासीनता बताया। ज्ञापन में खुले नालों को सबसे बड़ा खतरा बताते हुए उन पर स्लैब डलवाने की मांग की गई। कहा कि हाल ही में बरेली के सैटेलाइट क्षेत्र में खुले नाले में गिरकर एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है।इसके अलावा ब्रह्मचारी घाट के सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर भी संगठन ने सवाल उठाए। कहा कि गत वर्ष बाढ़ के दौरान वहां कार्य कराया जा रहा था, जिसे आपत्ति दर्ज कराते हुए रुकवाया गया था, लेकिन उसके बाद आज तक कार्य दोबारा शुरू नहीं किया गया। शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा विंग जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, सर्वेश कश्यप, सुनील कश्यप, युवा विंग महामंत्री आयुष सक्सेना, जितेंद्र मौर्य, चेतन श्रीवास्तव, प्रेम सागर शर्मा, राहुल, हरिओम मिश्रा, महिला विंग जिलाध्यक्ष बिंदु सिंह आदि मौजूद रहे।

### सामूहिक शादियां हुईं, भुगतान नहीं मिला

हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं के साथ ही पंडित राहुल मिश्रा भी साथ थे। बताते हैं कि उन्होंने बीते दिनों सामूहिक विवाह समारोह में पुरोहितों को लेजाकर शादियां संपन्न कराई थी। आरोप है कि उनका भुगतान अब तक नहीं हो सका है। पहले भी इसकी शिकायतें की जा चुकी है। अब हिंदू महासभा जिलाध्यक्ष ने इस मुद्दे को भी डीएम के समक्ष रखा और समाधान कराने की मांग की है।

# जनपद के शिवालयों में गूंजेंगे मंत्र मनेगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 1000 वर्ष पूर्व हुए आक्रमण और पुनरुद्धार के 75 वर्ष होने पर होगा भव्य आयोजन

**अमृत विचार :** जनपद के शिवालयों में आगामी 19 अप्रैल को भक्ति और श्रद्धा की बयार बहेगी। सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष और मंदिर पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जाएगा। शासन से मिले निर्देशों के बाद जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जनपद की ग्राम पंचायतों में स्थित शिवालयों में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही महाआरती और रुद्राभिषेक जैसे अनुष्ठान जनभागीदारी से आयोजित कराए जाएंगें।

शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 1026 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर हुए विदेशी आक्रांताओं के आक्रमण और आजादी के बाद मंदिर की पुनर्स्थापना के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। शासनादेश के अनुसार प्रदेश में आयोजन की संभावित तिथि 19 अप्रैल निर्धारित की गई है। 19 अप्रैल को होने वाले मुख्य कार्यक्रम से पूर्व जनपद के सभी शिवालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि ग्राम स्तर पर आयोजन की सफलता का जिम्मा ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों को सौंपा गया है, जबकि ब्लॉक स्तर पर एडीओ पंचायत को जिम्मेदारी दी गई है। आयोजन के तहत शिवालयों में मंत्रोच्चारण, ओंकार जप, महाआरती, रुद्राभिषेक और दीपोत्सव मनाया जाएगा।

इसके साथ ही सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन और भजन संध्या जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्थानीय समुदाय को मंदिर के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराया जाएगा। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा संत-महात्माओं और संन्यासियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

### नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में किया सुंदरकांड पाठ, जुटे श्रद्धालु

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला खकरा में नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरेली से आए शिवांश तिवारी और आशुतोष जौहरी के द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सेविका वसुंधरा अग्निहोत्री, रानी सक्सेना, आशा शुक्ला, मीनू सक्सेना, रेखा कश्यप, साक्षी सक्सेना, अन्नपूर्णा सक्सेना, विजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### हीमोफीलिया मरीजों को प्रशिक्षण देने की मांग

**पीलीभीत, अमृत विचार :** हीमोफीलिया सोसायटी की अध्यक्ष कविता वंशवाल ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि जिले में हीमोफीलिया के मरीज़ों को निशुल्क तैराकी का परीक्षण दिया जाए। हीमोफीलिया के मरीजों के लिए तैराकी सबसे सुरक्षित और बेहतरीन व्यायाम है। यह जोड़ों पर बिना दबाव डाले मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। पानी की उछाल जोड़ों की सुरक्षा करती है, जोड़ों में होने वाले ब्लीडिंग के जोखिम को कम करती है, और शरीर में लचीलापन व मजबूती बढ़ाती है।

### 107 वारंटी और 12 वांछित गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसपी सुकीर्ति माधव के निर्देश पर वांछित अपराधी और वारंटियों की गिरफ्तारी को अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना-चौकीवार पुलिस की टीमें दबिश देने में जुटी रही। अभियान में कुल 119 वांछित/वारंटी गिरफ्तार किए गए। दो अप्रैल से पांच तक अभियान चलाया गया था। एसपी ने बताया कि 107 वारंटियों और 12 वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के पकड़िया नौगवां निवासी सय्यूम ने अमरिया थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता लल्लन शाह और माता नाजमा बेगम छह अप्रैल को बाइक से अमरिया से पीलीभीत अपने घर आ रहे थे। शाम पांच बजे थाना अमरिया क्षेत्र के भौनी चौराहे के समीप सामने से आ रहे ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से चलते हुए बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी माता की मौके पर ही मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### डीएम के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** डीएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों पर मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें ग्राम बौनी निवासी हेमराज ने बताया कि 31 मार्च को वह अपने घर से ग्राम रसिया खानपुर जा रहा था। साथी पातीराम पुत्र नन्हे लाल के साथ बाइक से अपने घर वापस आते वक्त रास्ते में ग्राम वैधखेड़ा निवासी पातीराम, लालू और जगदीश ने रास्ते में रोका और रुपये मांगे मना करने पर हमला कर पिटाई कर दी। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर धमकाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### युवक के साथ मारपीट जान से मारने की धमकी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तखान निवासी अनमोल शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शराब की दुकान में कैंटीन पर काम करता है। सोमवार रात साढ़े दस बजे वह अपना कार्य करके अपने घर लौट रहा था। घर के नजदीक चौराहे पर मोमो की दुकान पर मोमो खाने लगा। तभी वहां पर मौजूद अनस नाम के युवक ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी पिटाई की। जिससे वह घायल हो गया। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव शहपुरा निवासी महेंद्र पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे गांव के महावीर, थाना सुनगढ़ी के गांव पिपराखास निवासी जितेंद्र, वीरपाल, सोनू ने उसके साथ मारपीट की। बचाने पर पुत्र मुकेश, पुत्रवधू रिंकी को पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्रह्मपुत्र, गंगा, यमुना और गोदावरी हाउस ने प्रतिभाग किया।

जूनियर विंग से छात्र दाउद अनवर, प्रियांशी प्रजापति, रौनक, तृषा प्रजापति, गुरलीन कौर, गुरसीरत कौर, अवन्या यादव, हरगुनदीप कौर और सीनियर विंग से छात्र पानव जगोता, पावनी, सहजप्रीत कौर, वृन्दा शर्मा, रिद्धि प्रजापति, इरम सुल्तान, अर्श सिंह, राहुल ने प्रतिभाग किया। प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया और बताया कि अनुशासन और संतुलित जीवन शैली के साथ हमें अपने जीवन का निर्वाह करना चाहिए। निर्णायक मंडल में कविशा कनौजिया, शुभम सिंह रहे। भाषण प्रतियोगिता में जूनियर विंग से कक्षा सात की छात्रा गुरलीन कौर प्रथम, कक्षा आठ की छात्रा प्रियांशी प्रजापति द्वितीय और कक्षा सात की छात्रा हरगुनदीप कौर तृतीय स्थान रही। सीनियर विंग से कक्षा 12 के छात्र पानव जगोता प्रथम, कक्षा ग्यारह की छात्रा रिद्धी प्रजापति द्वितीय और कक्षा ग्यारह की छात्रा इरम सुल्तान तृतीय रहे। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द, उपप्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।




कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### सड़क हादसे में सात लोग घायल कई वाहन टकराए

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** पीलीभीत रोड पर ज्योराह कल्यानपुर के पास बाइक पैदल चल रहे युवक से टकराई। हादसे में ज्योराह कल्याणपुर निवासी सुरेश कुमार घायल हो गए। इसके बाद घायल सुरेश को लेकर ग्रामीण ई-रिक्शा से सीएचसी लेकर आ रहे थे। टक्कर मारने वाले बाइक सवार काजरबोझी गांव निवासी महेश कुमार, पातीराम भी ई-रिक्शे में ही सवार थे। इसके बाद मचवाखेड़ा गांव के पास एक डंपर ने बाइक को टक्कर मारी और फिर वह बाइक ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार ज्योराह कल्यानपुर गांव के ही प्रेमराज, मदनलाल, एकांत, महेश कुमार, पातीराम घायल हो गए। वहीं, डंपर की टक्कर से अलियापुर गांव निवासी बाइक सवार चंद्रपाल घायल हो गया। सभी को सीएचसी भर्ती कराया है।

# बर्खास्त समाज कल्याण अधिकारी की 2.53 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लखनऊ कमिश्नेरट और शाहजहांपुर पुलिस ने वृद्धावस्था पेंशन घोटाले में आरोपी बर्खास्त समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की लखनऊ में संपत्ति कुर्क कर ली है। कुर्क की गई संपत्ति की अनुमानित कीमत 02 करोड़ 53 लाख 85 हजार रुपये है। कुर्क की संपत्ति में एक कार, गेस्ट हाउस और कृषि भूमि भी शामिल है। पुलिस आरोपी की लखनऊ में अन्य संपत्ति की तलाश कर रही है।

बता दे कि वर्ष 2022 में राजेश कुमार निवासी तुलसीपुर थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। आरोप था कि उन्होंने अपने आपरेटरों के साथ मिलकर वृद्धावस्था पेंशन योजना में बुजुर्गों के खातों को बदलकर अपने करीबियों के खाते लगवाए थे। इस तरह उन्होंने करीब दो करोड़ 52 लाख रुपये का घोटाला किया था। इस मामले में सदर बाजार थाना में तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी समेत नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सदर बाजार पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था। तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी को हाई कोर्ट से जमानत मिल गयी थी। नवंबर 2025 में उनको नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आरोपी राजेश कुमार की 04 करोड़ 50 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। सोमवार को रामचंद्र मिशन पुलिस लखनऊ पहुंची। पुलिस ने कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस ने बर्खास्त हरिजन समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की संपत्ति कुर्क की। पुलिस ने दो गेस्ट हाउस, वाहन, फ्रीज, जमीन आदि को कुर्क किया गया है। आरोपी राजेश कुमार पर पहले से थाना सदर बाजार में गैंगस्टर और गबन का मुकदमा दर्ज है। टीम में रामचंद्र मिशन थाना के अपराध निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक सुनील कुमार, थाना पारा कमिश्नरेट लखनऊ के उप निरीक्षक विभोर सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, चेतन आजाद, आशीष कुमार, अमित कुमार, अभय कुमार आदि स्टाफ शामिल थे। इधर रामचंद्र थाना मिशन प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी बर्खास्त समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की 02 करोड़ 52 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। उसकी अन्य संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है।

### टीम ने रुकवाया बाल विवाह, दी चेतावनी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे में बाल विवाह की सूचना पर पहुंची टीम ने कार्रवाई की। बताते हैं कि सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल को सूचना मिली थी कि बरखेड़ा कस्बे में एक व्यक्ति अपनी नाबालिग पुत्री का विवाह कराने की तैयारी कर रहा है। इस पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना पुलिस, महिला कल्याण विभाग की टीम बताए गए स्थान पर पहुंची तो मामला सही पाया गया।

जांच में सामने आया कि लड़की नाबालिग है और अभी हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। आगे भी पढ़ना चाहती है, मगर माता-पिता 20 अप्रैल को जनपद शाहजहांपुर के एक व्यक्ति के साथ उसकी शादी करने जा रहे थे। शादी की सभी तैयारियां पूरी हो गई थी। सख्त हिदायत देते हुए विवाह रुकवाया है। टीम में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, प्रभारी निरीक्षक थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग गोविंद सिंह, चाइल्ड लाइन के परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, कांस्टेबल भानू प्रताप, सीमा आदि थे।

### रैन बसेरा की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़, मकान सील

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** नगर के बीचों-बीच रैन बसेरा की आड़ में अवैध गतिविधियों का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। शिकायतों पर मंगलवार को एसडीएम चित्रा निर्वाल के निर्देश पर पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर देह व्यापार के कथित धंधे का पर्दाफाश किया।

छापेमारी के दौरान गुरुद्वारा के पास स्थित एक मकान में संचालित अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके से एक कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में मिले प्रेमी युगल को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद दोनों के परिजनों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मकान मालिक के पुत्र को भी मौके से पकड़ लिया गया, जबकि संचालक फरार बताया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान पालिका टीम ने मकान में बने कार्यालय व नीचे के कमरों को सील कर दिया। हालांकि छत पर बने पारिवारिक आवास को यथावत छोड़ा गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उक्त मकान में लंबे समय से कमरे किराए पर देने की आड़ में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। कई बार शिकायत के बावजूद पहले ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में नाराजगी थी। छापेमारी के दौरान पालिका ईओ कल्पना शर्मा सहित पुलिस व नगर पालिका की टीम मौजूद रही। प्रशासन का कहना है कि दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# फल-सब्जी मंडी में लगी आग, 26 दुकानें जलीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोजा में थोक सब्जी मंडी और फल मंडी में मंगलवार की तड़के विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और मंडी में अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान दमकल की कई गाड़ियां मौके पहुंच गई और कई घंटे में आग पर काबू पाया। आग से व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। नगर मजिस्ट्रेट और मंडी सचिव ने मौका मुआयना किया।

रोजा में सब्जी और फल की थोक मंडी है। सब्जी व्यापारी की दुकान के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। सोमवार की रात करीब पौने तीन बजे बिजली के तारों से आपस में टकराने निकली चिंगारी से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें ऐसा लग रहा था कि आसमान को छू रही है। मंडी में अफरा-तफरी मच गयी। व्यापारियों ने रोजा थाना और अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी। अग्निशमन अधिकारी बीएन पटेल चार फायर सर्विस गाड़ियां लेकर मंडी पहुंच गए। दमकल कर्मचारियों ने आग को बुझाना शुरु किया। इस दौरान पांच घंटे में आग पर काबू पाया गया। दुकान में वारदाना, सब्जी, फल, गत्ता, लहसून, प्याज आदि सामान रखा हुआ था। अग्निशमन कार्यालय के अनुसार सब्जी व्यापारी मोहम्मद वसीम, मोहम्मद फहीम, जाने आलम, मोहम्मद रशीद, कालीचरन, खुस्तर, रेहान, बहारे आलम, मोहम्मद सईद , फल व्यापारी मोहम्मद महमूद, कमर कुरेशी, नसीम, अख्तर, इसरार, सिराज, कयूम, गुड्डू, असलम, नसीम, लतीफ, मेराज की दुकानें प्रभावित हुई है। बताते है कि व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। नुकसान को लेकर व्यापारी गहरे सदमे थे। घटना के बाद मंडी में सन्नाटा पसरा हुआ था और चारों तरफ सामान जला हुआ था। अग्निमशन अधिकारी बीएन पटेल ने बताया कि करीब 26 दुकानों में आग लगी थी। अभी नुकसान का आंकड़ा व्यापारियों की तरफ से लिखकर नहीं आयी है। आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट है। इधर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार और मंडी सचिव रिंकू अग्निकांड स्थल का मौका मुआयना किया और पीड़ित व्यापारियों से बात की। अग्निकांड योजना के तहत व्यापारियों को आर्थिक सहायता दी जाएगी और दुकानों की मरम्मत कराई जाएगी।

अनदेखी होने पर आंदोलन की दी चेतावनी सूचना पर सपा जिला अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खान मौके पर पहुंचे और व्यापारियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट पवेंदर सिंह, एसडीएम सदर संजय पांडे, मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप और डीसीसी ललित नारायण सिंह को मौके पर बुलाकर नुकसान का निरीक्षण कराया। तनवीर खान ने व्यापारियों को अधिक मुआवजा दिलाने और क्षतिग्रस्त दुकानों का पुनर्निर्माण कराने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि अनदेखी होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण पर रखे विचार, आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

- पुलिस लाइन में मिशन शक्ति अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के दूसरे चरण को लेकर पुलिस लाइन में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी शामिल हुई। सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम, शिक्षिकाएं भी रहीं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने द्वारा निर्मित उत्पादों एवं कलाकृतियों जैसे हस्तशिल्प सामग्री, सिलाई-कढ़ाई, खाद्य उत्पाद, सजावटी वस्तुएं अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री के स्टाल लगाए गए। इन स्टालों के माध्यम से महिलाओं ने अपनी कला, हुनर एवं उद्यमशीलता का प्रदर्शन किया। उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों ने स्टालों का निरीक्षण कर महिलाओं के कार्यों की सराहना की। उनके उत्पादों की गुणवत्ता एवं नवाचार की प्रशंसा की गई। महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने, अपने उत्पादों के विपणन एवं डिजिटल माध्यमों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नगरपालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने भी महिला सशक्तिकरण पर विचार रखे। महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वावलंबन से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें। महिलाओं को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.दलजीत कौर, एएसपी विक्रम दहिया, सहायक पुलिस अधीक्षक/ सीओ सदर नताशा गोयल आदि मौजूद रहे।



स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद देखती चेयरमैन व अन्य।




पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम-एसपी व अन्य अधिकारी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### गाली देने से मना करने पर महिला को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया के गांव महरिया निवासी कोशकी देवी ने बताया कि सोमवार को उसके जेठ सोनेलाल और जगदीश गाली-गलौज कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसे लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई अजय कुमार निवासी बिसवां जिला सीतापुर उसे बचाने आया, लेकिन आरोपियों ने उसे भी बेरहमी से पीट दिया। इस मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### बाइक से टक्कर मारने की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी निवासी राजीव शर्मा पुत्र गोवर्धन लाल ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 28 मार्च को दोपहर 12.30 बजे उनके पिता सरस्वती मैरिज लॉन मिल बाईपास के सामने रोड पार कर रहे थे। तभी धिरावां निवासी सकीब पुत्र अशरफ अली ने तेज बाइक चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनके पिता गम्भीर घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने सकीब के नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा दी है।

### मोहित अध्यक्ष और राहुल बने महामंत्री

**पलिया, अमृत विचार :** नगर के माल गोदाम रोड स्थित एक लॉन में होटल व्यवसायिक संघ का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में मोहित गुप्ता ने अपने प्रतिद्वंदी विपिन गुप्ता को पराजित कर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, जबकि महामंत्री पद पर राहुल गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, जसवीर फ्लोरा, राजेश गुप्ता, देवेंद्र अरोड़ा एवं जसपाल गहोनियां की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान पप्पू गुप्ता, सोनू गुप्ता, रमेश गुप्ता, अतिश गुप्ता, भारत गुप्ता, सुशील, मोहित मौर्य, संतराम यादव सहित होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसायी मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना मैलानी क्षेत्र के गांव देवीपुर निवासी राजीव शुक्ला (32) पुत्र देवदत्त सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# जिला अस्पताल की हकीकत: दवाएं नहीं, जांच सेवाएं ठप

## मरीजों की हालत बेहाल एवं दावे हो रहे फेल, दर्द निवारक डिक्लोफेनाक ट्यूब उपलब्ध है न ही एक्स-रे के लिए प्लेट

अमृत विचार अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले की सबसे बड़ी स्वास्थ्य इकाई माने जाने वाले जिला अस्पताल की हालत इन दिनों खुद बीमार नजर आ रही है। यहां इलाज की आस लेकर पहुंचने वाले मरीजों को राहत के बजाय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ में तीमारदार भी परेशान होते हैं। आलम यह है कि अस्पताल में न तो दर्द निवारण के लिए जरूरी डिक्लोफेनाक ट्यूब उपलब्ध है और न ही एक्स-रे करने के लिए प्लेट, जिसके चलते मरीजों की दिक्कतें कई गुना बढ़ गई हैं।

स्वास्थ्य विभाग भले ही बेहतर सेवाओं के दावे करता हो, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही हैं। जनपद के दूर-दराज गांवों से आने वाले मरीज इलाज के अभाव में निराश होकर लौटने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी जोड़ों, कमर और मांसपेशियों के दर्द से जूझ रहे मरीजों को हो रही है, क्योंकि उन्हें राहत देने वाली डिक्लोफेनाक ट्यूब पिछले करीब एक महीने से लगभग अस्पताल में नहीं है। औषधि वितरण केंद्र पर तैनात कर्मियों के मुताबिक, दवा की आपूर्ति बेहद सीमित है।

सोमवार को औषधि वितरण केंद्र को महज 25 ट्यूब दी गईं, जबकि मंगलवार को एक भी ट्यूब उपलब्ध नहीं हो सकी। ऐसे में मरीजों को केवल दर्द निवारक गोलियों से काम चलाना पड़ रहा है, जो हर किसी के लिए कारगर साबित नहीं हो रहीं।

इसके अलावा जिला अस्पताल में एक्स-रे प्लेट की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। सीने में दर्द, फेफड़ों की बीमारी और अन्य गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के एक्स-रे नहीं हो पा रहे हैं। मजबूरी में उन्हें निजी जांच केंद्रों पर जाकर एक्सरे करवाना पड़ रहा है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

जिला अस्पताल के दवा वितरण कक्ष और जांच विभाग के बाहर मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतारें इस अव्यवस्था की गवाही दे रही हैं।अस्पताल की अव्यवस्था नाराज मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन जब दवाएं और जांच ही नहीं मिलतीं तो इलाज अधूरा रह जाता है। हालांकि, जिम्मेदार अधिकारी अब भी दवाओं की कमी से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि आपूर्ति जल्द सामान्य कर दी जाएगी और यह समस्या अस्थायी है। मरीजों से साथ आने वाले तीमारदारों ने बताया कि गांव में खेतों में गेहूं व सरसों की फसल पकी हुई खड़ी है, अस्पताल के चक्कर काटते हैं, इलाज भी नहीं मिल पा रहा है और खेती किसानों का काम भी नहीं कर पाते हैं।



जिला अस्पताल में दवा काउंटर पर भीड़ और पंजीकरण के इंतजार में बैठे तीमारदार।



जांच के लिए सैंपल लेता स्वास्थ्यकर्मी।



पंजीकरण कराने के लिए लगी मरीज व तीमारदारों की भीड़। ● अमृत विचार

### डॉक्टरों की कमी भी झेल रहा अस्पताल

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को बगैर उपचार के ही निराश होकर घर लौटना पड़ रहा है। यह कमी सिर्फ जिला अस्पताल में ही नहीं, बल्कि सीएचसी और पीएचसी में भी बनी हुई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 1200 मरीजों की ओपीडी होती है, जबकि करीब 150 मरीज भर्ती होते हैं, लेकिन जिला अस्पताल केवल नौ फिजिशियन, आठ सर्जन और बच्चों के दो डॉक्टरों के सहारे चल रहा है। फार्मासिस्टों के आधे से अधिक पद खाली हैं। वहीं स्टाफ नर्सों की कमी भी मरीजों के लिए दिक्कत है।

### सिर्फ भर्ती मरीजों का ही हो रहा एक्सरे

जिला अस्पताल में एक्सरे प्लेट की कमी करीब एक माह से चल रही है। इनकी कमी के चलते ओपीडी के मरीजों का एक्सरे न करके वार्ड में भर्ती पीड़ितों को ही इसकी सुविधा मिल पा रही है। इसके अलवा ओपीडी में उन्हीं मरीजों का एक्सरे हो पाता है, जिनको ज्यादा दिक्कत हो या फिर सिफारिस।



दवा वितरण काउंटर पर डाइक्लोफेनाक ट्यूब न होने की जानकारी नहीं है। इस संबंध में संबंधित से जवाब तलब होगा। एक्सरे प्लेट की समस्या भी जल्द ही दूर हो जाएगी। डॉक्टरों और स्टाफ की कमी के लिए हर महीने शासन स्तर से रिपोर्ट मांगी जाती है। डॉक्टरों की कमी भी जल्द ही दूर की जाएगी।

**-डॉ. आरके कोली,** सीएमएस जिला अस्पताल।

### महिला के कुंडल नोंच ले गए 3 उचक्के

**मैगलगंज, अमृत विचारः** मोहल्ला टाकीज वाली गली निवासी ज्ञाना देवी पत्नी पवन मिश्रा सोमवार रात करीब नौ बजे अपने घर के बाहर टहल रही थीं। इस दौरान बाइक पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और बाइक रुकते ही दो बदमाश नीचे उतरे। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए एक ने महिला को पकड़ लिया और दूसरे ने झपट्टा मारकर महिला के दोनों कानों से कुंडल नोंच लिए।महिला घबरा गई और शोर मचाने लगी। घटना के बाद तीनों उचक्के बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी काफी दूर निकल चुके थे। पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता से घटना की जानकारी ली। साथ ही पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि एक बदमाश ने उन्हें कसकर पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने झटके से दोनों कुंडल खींच लिए, जिससे उन्हें चोट आई है।

घटना ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त न के बराबर है, जिसका फायदा उठाकर उचक्के लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले के हर पहलू से जांच कर रही है।

## रेडियो खीरी में लगाया गया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुरखीरी

**अमृत विचारः** सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी ने जनजागरूकता अभियान के तहत लखीमपुर ब्लॉक के गगांव पिपरा करमचंद स्थित प्रसारण केंद्र पर विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का लगाया गया।

रेडियो खीरी की टीम और स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त कार्यक्रम 'सेहत सही, लाभ कई के तहत आयोजित इस शिविर में पिपरा करमचंद, ढसरापुर, पिपरी कलां और कोरैया चमरू गांवों के 50 से अधिक ग्रामीणों ने भागीदारी की। आयुष्मान आरोग्य मंदिर विषय पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नैरोकास्टिंग भी की गई।

रेडियो खीरी की सहायक निदेशक अमीशा सिंह के निर्देशन में टीम सदस्य मानसी जायसवाल, रूपांशी वर्मा व शिवशंकर ने नैरोकास्टिंग के साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। बताया कि आरोग्य मंदिर ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था का एक सशक्त केंद्र है, जहां विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहते हैं।

## चोरी के मामले में एक युवक नामजद

**लखीमपुर खीर, अमृत विचारः** कोतवाली धौरहरा के गांव महराजनगर निवासी संतोष कुमार के घर का 16 मार्च की रात चोरों ने ताला तोड़ दिया था। चोर 50 हजार रुपये नगद, तीन जोड़ी चांदी की पायल, कांटा, अंगूठियां, झुमकी, झाला, मटर माला, सोने की चेन सहित अन्य जेवरात शामिल हैं। इसके अलावा अन्य परिजनों के भी जेवर चोरी कर ले गए थए। पीड़ित ने गांव के ही निवासी जगदीश चौहान पर शक जताया है। उनका कहना है कि जगदीश ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया हो सकता है, हालांकि अन्य लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच विनोद कुमार द्विवेदी को सौंपी है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्लांट के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई तेज

- प्रशासन ने नौ किसानों से कराया जमीन का बैनामा
- कृषकों को दिया मुआवजा का प्रमाण पत्र

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार द्वारा कुंभी में बायो प्लास्टिक प्लांट के लिए 80 हेक्टेयर क्षेत्रफल में औद्योगिक हब विकसित किया जा रहा है, जिसकी भूमि अधिग्रहण कार्रवाई के तहत प्रशासन ने नौ किसानों से बैनामा कराकर उन्हें प्रदत्त मुआवजा राशि का प्रमाण पत्र दिया है। विधायक ने किसानों से भूमि के मिले रूपयो से जमीन खरीदने की अपील की है।

तहसील सभागार में विधायक अमन गिरि की मौजूदगी में बायो प्लास्टिक प्लांट प्रोजेक्ट में प्रभावित किसानों की बैठक हुई। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी और तहसीलदार भीमचंद ने बताया कि सरकार के इस प्रोजेक्ट का बजट 83 करोड़ 47 लाख 19 हजार 200 रुपए है, जिसके तहत 30 करोड रुपए खाते में आ गए हैं।

इस प्रोजेक्ट के भूमि अधिग्रहण में 483 किसान प्रभावित हुए हैं, जिनमें से नौ किसानों से बैनामा करा लिया गया है। उनके बैंक खातों में मुआवजा की धनराशि पहुंच गई है। उन्हें मुआवजा प्रमाण पत्र दिए गए हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, बार संघ महामंत्री संदीप अवस्थी, राजस्व निरीक्षक अरुणेश मिश्र, अचल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



गोला तहसील में किसानों के साथ विधायक और अधिकारी। ● अमृत विचार

### विधायक बोले- जमीन के रुपयो से जमीन खरीदें किसान

**गोला गोकर्णनाथ।** विधायक अमन गिरि ने किसानों से आग्रह किया है कि खेती के बदले खेती ही खरीदें। कहा कि बायो प्लास्टिक प्लांट के रूप में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही मार्गा का नेटवर्क तैयार होगा। अब यह क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ेगा। गनेशपुर से अमीरनगर तक मार्ग का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण योजना में सहयोग के लिए कृषक बधाई के पात्र हैं। किसान मुआवजा धनराशि से खेती के बदले खेती ही खरीदें। बायो प्लास्टिक प्लांट लगने से क्षेत्र का विकास होगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### इन किसानों को दिया गया मुआवजा

1. किसान रामपाल मुआवजा धनराशि-30,47,200
2. जदुनंदन प्रसाद-46,21,600,
3. अर्चना-45,44,800,
4. मुन्नी देवी-13, 52000,
5. महेंद्र पाल सिंह- 1, 30,12,000
6. प्रेमचंद-1,13,56,800,
7. मनीराम-16,95,200,
8. मलिखान-1,21,78,400
9. अनूप कुमार-29,16,600

# जांच में लापरवाही, फिटनेस रद की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



स्कूल वाहन के अंदर जांच करते एआरटीओ शांतिभूषण पांडेय। ● अमृत विचार

- 11 टीमों ने पूरे जिले में चलाया अभियान, स्कूल वाहनों पर प्रशासन की सख्ती

**अमृत विचारः** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने मंगलवार को जिले भर में स्कूल वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के तहत 11 टीमें गठित की गईं, जिन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में भेजकर स्कूलों में संचालित वाहनों की सघन जांच कराई गई। इस दौरान लापरवाही मिली है। कमिया दूर न करने पर वाहन मालिकों को फिटनेस रद्द करने की चेतावनी दी गई है।

टीमों ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर करीब 150 स्कूल वाहनों की बारीकी से जांच की। इस दौरान कई वाहनों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि अनेक वाहन बिना सीसी कैमरा, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स और स्पीड गवर्नर जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपकरणों के ही बच्चों को ढो रहे थे। कुछ वाहनों में तो फिटनेस प्रमाणपत्र और दस्तावेज भी अपडेट नहीं मिले, जो नियमों की खुली अनदेखी को दर्शाता है।

एआरटीओ ने इस लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए मौके पर ही वाहन संचालकों और स्कूल प्रबंधन को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहन दो दिनों के भीतर निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक सुरक्षा उपकरणों से लैस किए जाएं।

समयसीमा के बाद यदि किसी वाहन में कमी पाई गई तो उसकी फिटनेस तत्काल निरस्त कर दी जाएगी और आवश्यक कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। अभियान की अचानक हुई कार्रवाई से वाहन संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही।

## प्लॉट देखने गए युवक पर लोहे की रॉड से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- भीड़ जुटी तो आरोपी फरार पुलिस ने शुरू की तलाश

**अमृत विचारः** कोतवाली सदर क्षेत्र में अपने प्लॉट को देखने गए युवक को लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल की आंख में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को अस्पताल भेजा है।

शहर से सटे गांव सैधरी निवासी अजीत कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 8 बजे वह उल्ल नदी के पास स्थित अपने प्लॉट को देखने गए थे। उनके साथ तुषार सिंह भी मौजूद थे। मौके पर पहुंचने पर देखा कि एक व्यक्ति वहां अवैध रूप से झोपड़ी डालकर रह रहा है। जब उन्होंने उससे इस संबंध में बातचीत की तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी और अधिक आक्रामक हो गया।

इसी दौरान विवाद बढ़ गया और आरोपी ने पास में पड़ी लोहे की रॉड उठाकर अजीत कुमार पर हमला कर दिया। वार सीधे उनकी बाईं आंख पर लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान मौजूद तुषार सिंह ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माना। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। भीड़ बढ़ती देख आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन जाते-जाते वह जान से मारने की धमकी देता रहा। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# वकील पर फायरिंग में 3 नामजद

कचहरी गोलीकांड

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जमीन के विवाद में दिनदहाड़े चली थी गोली, आईजी ने गिरफ्तारी और सुरक्षा सख्त करने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** कचहरी परिसर में सोमवार को हुए सनसनीखेज गोलीकांड के मामले में पुलिस ने घायल अधिवक्ता जितेंद्र राज के चाचा की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना पारिवारिक जमीन के विवाद को लेकर हुई, जिसमें अधिवक्ता को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल का लखनऊ में उपचार जारी है।

मोहल्ला कमलापुर निवासी शिवरतन राज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि थाना नीमगांव के गांव अमेठी निवासी उनका भतीजा जितेंद्र राज सोमवार को अपने पिता के साथ कचहरी परिसर में वकालत संबंधी कार्य के लिए आया था। दोपहर करीब 11:30 बजे विपक्षी जसकरन राज उर्फ जेके राज, उसके पुत्र शिवम राज उर्फ विराट और अनुरुद्ध राज उर्फ बल्लू मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। तहरीर के मुताबिक इसी दौरान जसकरन और अनुरुद्ध ने कथित रूप से गोली मार दो कहकर उकसाया, जिसके बाद शिवम राज उर्फ विराट ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगते ही जितेंद्र राज गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी भी दी। फायरिंग की आवाज से कचहरी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद शैलेन्द्र राज, संदीप राज, रामऔतार राज समेत अन्य लोगों ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार जारी है।

उधर, घटना की सूचना पर आईजी किरण यश ने सोमवार की शाम कचहरी पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया था। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। साथ ही कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के आदेश भी जारी किए हैं। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अव्यवस्था

**क्रय केंद्रों पर भटक रहे किसान, टेंडर प्रक्रिया पूरी न होने के कारण बोरों की आपूर्ति नहीं**

# केंद्रों पर बारदाना के संकट के चलते नहीं हो पा रही गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में गेहूं खरीद को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भले ही पूरी दिख रही हों, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। जिले में कुल 134 गेहूं क्रय केंद्र हैं और 30 मार्च से बैनर आदि लगा दिए हैं, लेकिन खरीद व्यवस्था पहले ही दिन से पटरी पर नहीं आ सकी है।

क्रय केंद्रों पर तौल के लिए कांटा-बांट और अन्य व्यवस्थाएं तो कर दी हैं, लेकिन बारदाना (बोरे) अब तक उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते खरीद शुरू ही नहीं हो पा रही है। किसान उपज लेकर केंद्रों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें हर बारदाना न होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते किसान इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मजबूरी में उन्हें आढ़तियों और बिचौलियों को करीब 2100 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बेचनी पड़ रही है, जिससे उन्हें प्रति क्विंटल लगभग 400-500 रुपये का सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि हर साल खरीद शुरू होने के शुरुआती दिनों में इसी तरह की अव्यवस्थाएं सामने आती हैं, लेकिन इसके बावजूद समय रहते व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया जाता। इससे सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर साफ नजर आता है।

धौरहरा। तहसील क्षेत्र में गेहूं खरीद व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ाती नजर आ रही है। कागजों पर भले ही 14 गेहूं क्रय केंद्र संचालित हो रहे हों, लेकिन हकीकत यह है कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अधिकांश केंद्रों पर बारदाना (बोरा) उपलब्ध नहीं हो सका है। इसके चलते किसान अपनी उपज बेचने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। इस बाबत धौरहरा के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी राजेश राम का कहना है कि हसील क्षेत्र में 14 गेहूं क्रय केंद्र संचालित हैं, लेकिन अभी तक किसी भी केंद्र पर बारदाना नहीं पहुंच पाया है। एक सप्ताह के भीतर बारदाना उपलब्ध होने की उम्मीद है। इसके लिए व्यापारियों से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी।

कफारा के किसान गंगासिंह, धौरहरा के रमाशंकर शुक्ला, नंदकिशोर, दिलीप निगम और अनंत कुमार शुक्ला समेत कई किसानों का कहना है कि वे कई दिन से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लादकर क्रय केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार बारदाना न होने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। इससे उनका समय बर्बाद एवं लागत भी बढ़ रही है। कई किसान खुले में गेहूं रखने को मजबूर हैं, जिससे मौसम खराब होने पर फसल खराब होने का खतरा भी बना हुआ है। किसानों का आरोप है कि सरकार की मंशा के बावजूद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं और बारदाना की कमी के चलते खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।




धौरहरा के एक केंद्र पर टंगा बैनर।

### क्रय केंद्रों के चक्कर काटने से डीजल खर्च बढ़ रहा

किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं भरकर क्रय केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, जिससे डीजल खर्च बढ़ रहा है और समय भी बर्बाद हो रहा है। कई किसान खुले में गेहूं रखने को मजबूर हैं, जिससे मौसम खराब होने पर फसल खराब होने का खतरा भी बना हुआ है। हाल के दिनों में बदलते मौसम और आंधी-बारिश की आशंका ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां छोटे और सीमांत किसान आर्थिक दबाव के चलते अपनी उपज को जल्द बेचने के लिए मजबूर हैं। ऐसे में बिचौलिए इस स्थिति का फायदा उठाकर कम दाम पर गेहूं खरीद रहे हैं।

सभी क्रय केंद्रों पर कांटा-बांट और बैनर लगवा दिए गए हैं। बारदाना की आपूर्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद सभी केंद्रों पर बोरे उपलब्ध करा दिए जाएंगे और खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से शुरू हो जाएगी।

**-नमन पांडेय,** डिप्टी आरएमओ।

## पलिया में शुरू नहीं हो सकी गेहूं की खरीद

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के क्रय केंद्रों पर अब तक गेहूं खरीद शुरू न होने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में विभिन्न एजेंसियों के नौ क्रय केंद्र बनाए गए हैं। किसान पहले ही गेहूं बेचने को मंडी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा मिली है। खराब होते मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

इधर मंडी में मौजूद आढ़ती किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए निर्धारित समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल से 300 से 400 रुपये कम दाम पर गेहूं खरीद रहे हैं। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए किसान अपनी मेहनत की फसल औने-पौने दामों में बेचने को विवश हैं। ग्राम देवीपुर निवासी किसान कुलदीप सिंह ने बताया कि सरकारी केंद्रों पर बारदाना न होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है, जबकि पास में ही आढ़ती 2200 से 2250 रुपये प्रति क्विंटल तक में गेहूं खरीदने को तैयार हैं। वहीं लालपुर ढाखा क्षेत्र के किसान गुरजीत सिंह ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी हर दिन कोई न कोई बहाना बनाकर खरीद टाल रहे हैं।

मार्केटिंग इंस्पेक्टर कृष्ण प्रकाश ने बताया कि अभी तक बोरों (बारदाना) की व्यवस्था नहीं हो सकी है, जिसके चलते गेहूं खरीद में विलंब हो रहा है। उधर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के नेता तेजेंद्र सिंह ने साथियों के साथ मंडी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बाद में तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। चेतावनी दी है यदि तत्काल गेहूं खरीद शुरू नहीं की तो 8 अप्रैल को तहसील में प्रदर्शन होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शेरपुर गांव में शराबी ने अपने घर में लगाई आग

**केशवापुर, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में राजू नाम के शराबी ने अपने मकान में पड़े छप्पर में दोपहर साढ़े चार बजे आग लगा दी, जिससे बिजली की केबिल और घर मे पड़े छप्पर भी जल गये। आग लगने से आसपास के मकानों में आग फैलने का खतरा बना रहा। पड़ोसियों की सतर्कता के चलते आग बुझा ली गई, जिससे अन्य घरों को बचा लिया गया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**भानपुर, अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र के मटहिया गांव निवासी 40 वर्षीय मुकेश ने सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा था, लेकिन मंगलवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### युवती को ले गया युवक रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक गांव के निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार अप्रैल को शाम चार बजे उसकी 19 वर्षीय पुत्री को गांव का ही सिद्धार्थ पुत्र सर्वेश बहला फुसला कर ले गया। उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश भी की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार को सौंपी गई है। युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये न देने पर ससुराल वालों ने महिला को जान से मारकर गंगा में फेंकने की धमकी दी। विरोध करने पर मारपीट की और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सबसे पुराना स्थापित 1960

गुप्त रोगी रोजाना मिलें

हर जगह से परेशान रोगी मिले

नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी

बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार

बबासीर

खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर

कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित

उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली

मो. 9259082174

# चैती मेला के मंच पर सजी काव्य की महफिल

## स्थानीय कवियों ने देशभक्ति, सामाजिक सरोकार और भक्ति रस से बांधा समां, देर रात तक गूंजीं तालियां




मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी को सम्मानित करते पालिकाध्यक्ष व सभासद।




स्थानीय कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते और मंचासीन कवि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक चैती मेला के दसवें दिन सांस्कृतिक मंच पर आयोजित स्थानीय कवि सम्मेलन ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी और विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, डॉ. आदर्श दीक्षित, समाजसेवी राजेश्वर शुक्ला, शारदा प्रसाद कश्यप, बाबूराम शुक्ला, भजन गायक मुनेंद्र शुक्ला, डॉ. घासी राम राठौर, व्यापारी विवेक राजपूत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ बृजेश तिवारी बृजेश ने सरस्वती वंदना से किया-मइया बड़ी दया बरसायेउ, करिया अक्षर भैंस बराबर उच्च शिखर पहुंचायेउ। इसके बाद एक से बढ़कर एक रचनाओं ने समां बांध दिया। गेंदन लाल कनौजिया ने जीवन दर्शन पर, राहुल मौर्य ने शिक्षा और अनुशासन पर, तो सुरेश चंद्र सक्सेना ने राम प्रसंग पर काव्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। अनुराधिका वर्मा ने शब्दों की शक्ति पर प्रभावी प्रस्तुति दी।

सुरेश ठाकुर ने चैती मेले की जीवंत तस्वीर खींचते हुए कहा- आया मेला चैती का मन में खिले फुलझड़ियां...

### जब श्रोता झूम उठे

देशभक्ति के रंग में रंगते हुए मिथिलेश शुक्ला विदेह, आदेश राजपूत और गौरव पांडेय ने जोश भर दिया। वहीं शिप्रा खरे श्रीजा ने बेटी विदाई के भावुक चित्रण से श्रोताओं की आंखें नम कर दीं। हास्य, व्यंग्य और समसामयिक मुद्दों पर भी कवियों ने तीखे प्रहार किए। सुधीर अवस्थी, कन्हैया सिंह रास और वीपी मिश्र बेधड़क की रचनाओं ने समाज की विसंगतियों को उजागर किया। वहीं रमेश पांडे शलभ और मुन्नेंद्र प्रताप मंजुल ने अपनी गजलें सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। संचालन रविसुत शुक्ल ने किया, जबकि डॉ. वेदप्रकाश अग्निहोत्री, आलोक तिवारी आलोक, प्रमोद गुप्ता भोले, सुरेंद्र वर्मा सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### आज होगा खाटू श्याम संकीर्तन

8 अप्रैल को चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सायं 7 बजे से खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# टेंट की दुकान में आग से लाखों का सामान राख

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र के तहसील गोला के तहत ग्राम पंचायत सोनपीपर के मजरा मनहरिया में सोमवार देर रात करीब 2 बजे एक टेंट की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया।

गांव निवासी बब्बर सिंह की टेंट हाउस नाम से दुकान है। घटना के समय उनके भाई शंकर सिंह दुकान के अंदर ही सो रहे थे। अचानक आग की लपटें उठती देख उनकी नींद खुली, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों व अन्य साधनों से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि जब तक आग बुझाई जाती, तब तक दुकान में रखा टेंट, कपड़े, सजावटी सामान व अन्य सामग्री पूरी तरह जल चुकी थी। पीड़ित के अनुसार इस घटना में लगभग 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।

आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पीड़ित ने भीरा थाने में तहरीर देकर घटना की सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



टेंट की दुकान का जला हुआ सामान। ● अमृत विचार

# घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ का आरोप

संवाददाता, मझगई

- थाने से लौटाई गई पीड़िता वीडियो होने का दावा
- रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़िता की मुख्यमंत्री से गुहार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद में एक महिला के घर में घुसकर मारपीट और उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न करने और थाने से भगाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री, डीएम और एसपी को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि उसके पास घटना का वीडियो भी है।

पीड़िता महिला ने बताया कि घटना 4 अप्रैल दोपहर करीब 12 बजे की है। आरोप है कि उनके जेठ राम सहारे अपने बेटे लवकुश और दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ जबरन घर में घुस आए। आते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर जब उनकी नाबालिग बेटी बचाने आई तो आरोपियों ने उसे भी नहीं बख्शा। आरोप है कि उन्होंने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया और उसके साथ भी मारपीट की। घटना के दौरान मां-बेटी दोनों को चोटें आई हैं।

### हंगामा बढ़ने पर आरोपी फरार

